# श्रीगुरुमाई के सन्देश पर मनन का परिचय

*मधुर सरप्राइज़* २०१९ में, गुरुमाई चिद्विलासानन्द ने अपना नववर्ष-सन्देश प्रदान किया था, ताकि सिद्धयोग विद्यार्थी पूरे वर्ष के दौरान अपनी साधना में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

श्रीगुरुमाई के सन्देश के मनन पर लेखन करने वाले सिद्धविद्यार्थियों में से प्रत्येक ने किसी एक देदिप्यमान सिखावनी को चुनकर उस पर अन्वेषण करने का निश्चय किया जिसे श्रीगुरुमाई ने अपने सन्देश प्रवचन में प्रदान किया था। जब उन्होंने अपने मन को इस एक सूत्र पर चलने के लिए केन्द्रित किया, यह उनके लिए एक पथ प्रदर्शक बन गया जिसने उन्हें गहन शोध करने के लिए प्रेरित किया। उस एक सिखावनी का अनुसरण करने से उन्हें श्रीगुरुमाई के सन्देश की गहन समझ प्राप्त हुई तथा उन्हें अपनी सत्ता में निहित गहनतम प्रज्ञान के साथ जुड़ने में सहायता मिली। वे अपनी साधना को पुनः नवीन कर सके तथा अपने अन्तर में व अपने जीवन में उपस्थित दिव्यता की अनुभूति करने के लिए नवीन अवसरों को देखना आरम्भ कर सके।

इन विद्यार्थियों के मनन को पढ़ने के उपरान्त, आप भी अपने मन को श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश में से किसी एक सिखावनी की ओर आकृष्ट करने का निश्चय कर सकते हैं और देख सकते हैं कि यह अभ्यास आपको कहाँ ले जाता है। *मधुर सरप्राइज़* २०१९ का वेबकास्ट सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर इस वर्ष के नवम्बर माह तक उपलब्ध रहेगा और आपको यह अभ्यास करने में सम्बल प्रदान करेगा।

और यदि आप श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश पर या उनके सन्देश प्रवचन में से किसी एक सिखावनी पर पहले से गहन चिन्तन कर रहे हैं, तो आपके लिए यह लाभदायक होगा कि अपने अन्वेषण से प्राप्त समझ को लिखें तथा दूसरों के साथ बाँटें। नीचे दिए लिंक “share your experience” पर क्लिक करें। इस प्रकार, आप अन्य लोगों को श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश के प्रति उनकी समझ तथा अनुभव को परिष्कृत करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

© २०१९ एस.वाय.डी.ए फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।